संक्षिप्त समाचार.....

आरवीयूएन के सीएमडी देवेंद्र श्रृंगी ने किया कोटा और छबड़ा के विद्युत गृहों का निरीक्षण

जयपुर। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री देवेंद्र श्रृंगी ने सोमवार एवं मंगलवार को कोटा थर्मल और छबड़ा स्थित दोनों ताप विद्युत गृहों का विस्तृत निरीक्षण किया। 1240 मेगावाट क्षमता के कोटा थर्मल और 2320 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले छबड़ा थर्मल के दोनों विद्युत गृहों की सभी इकाइयों का दौरा कर उन्होंने उत्पादन व्यवस्था एवं परिचालन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने विद्युत गृहों की सभी उत्पादन इकाइयों का बेहतर रखरखाव एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा उन्हें पूर्ण क्षमता के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बढ़ती विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सभी इकाइयों की उपलब्धता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। सीएमडी श्री श्रृंगी ने कोटा एवं छबड़ा विद्युत गृहों के कोयला स्टॉक का जायजा लेते हुए कोयले की आपूर्ति एवं दैनिक खपत का विस्तृत विश्लेषण किया। उन्होंने भविष्य की विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त कोयला भंडार सुनिश्चित करने तथा कोयले के स्टॉक में वृद्धि करने के निर्देश दिए, ताकि विद्युत उत्पादन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीएसएफ के जवानों के साथ मनाया भाई-दूज

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर परिसर में भाई-दूज समारोह में शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की महिला जवानों से रक्षा सूत्र बंधवाकर और उनसे संवाद कर भाई-दूज पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाई-दूज का पर्व भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है। इस पर्व के माध्यम से उन बहनों की भावनाओं को नमन, जिनके भाई परिवार से दूर रहकर सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीएसएफ देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान का सशक्त प्रहरी है। दिन हो या रात, गर्मी हो या सर्दी, बीएसएफ के जवान सदैव सीमाओं पर मुस्तैद रहकर राष्ट्र की सुरक्षा करते हैं। हमारी बेटियां भी देश की सुरक्षा में अपनी क्षमता, साहस और समर्पण का परिचय दे रही हैं। बीएसएफ की महिला जवानों ने कठिन परिस्थितियों में साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना और बीएसएफ के जवानों ने पराक्रम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

हेलिकॉप्टर से दुल्हन लेकर उतरा गांव का लड़का, नजारा देखने उमड़ा ग्रामीणों का हुजूम

झुंझुनूं। राजस्थान के झुंझुनूं जिले के मंड्रेला क्षेत्र के गांव ढंढारिया में बुधवार सुबह उस समय उत्सव जैसा माहौल बन गया, जब आसमान से गड़गड़ाहट के साथ हेलिकॉप्टर उतरता दिखाई दिया। हेलिकॉप्टर में सवार होकर गांव पहुंचे दूल्हे और उसकी दुल्हन को देखने के लिए ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। किसी ने इस खास पल को मोबाइल कैमरे में कैद किया तो कोई नवदंपती के साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए उत्साहित नजर आया। गांव में दुल्हन की इस अनोखी एंट्री की दिनभर चर्चा होती रही। दरअसल, ढंढारिया निवासी अभिनव पूनिया का विवाह मंगलवार रात चूरू जिले के बिंजूसर निवासी निकिता कुल्हड़िया के साथ संपन्न हुआ। शादी की रस्में पूरी होने के बाद बुधवार सुबह अभिनव अपनी जीवनसंगिनी को हेलिकॉप्टर से लेकर पैतृक गांव ढंढारिया पहुंचे। जैसे ही हेलिकॉप्टर गांव में उतरा, वहां पहले से मौजूद ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। नवविवाहित जोड़े का परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अनोखी पहल के पीछे दूल्हे के पिता राजेश कुमार पूनिया की सोच और इच्छा रही। पूर्व सैनिक राजेश पूनिया का कहना है कि उनके परिवार में बेटे और बेटी के बीच कभी कोई अंतर नहीं किया गया।

बच्चों में निमोनिया की रोकथाम एवं प्रभावी उपचार के लिए सांस अभियान

जयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि प्रदेश में 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया की रोकथाम, प्रभावी उपचार एवं समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से 12 नवम्बर से 28 फरवरी तक सांस अभियान संचालित किया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ के मार्गदर्शन में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम द्वारा प्रदेशभर में सांस अभियान एवं राष्ट्रीय नवजात सप्ताह के प्रभावी क्रियान्वयन तथा इनसे संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मिशन निदेशक ने बताया कि सांस अभियान एवं राष्ट्रीय नवजात सप्ताह के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के लिए गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में निदेशक आरसीएच की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।

कमरे में अकेला था युवक, अचानक चली गोली और थम गई सांसें

श्री गंगानगर। श्रीगंगानगर जिले के रावलामंडी क्षेत्र में गोली लगने से 25 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना 365 हेड के 2 केएलडी क्षेत्र की बताई जा रही है। युवक की मौत की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान प्रवीण कुमार पुत्र संतोष कुमार सांवक के रूप में हुई है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, प्रवीण के सीने में गोली लगी थी। बताया जा रहा है कि घटना के समय युवक ढाणी में बने ऊपरी कमरे में अकेला था। कमरे में देसी पिस्टल से गोली चलने की जानकारी सामने आई है। घटना की सूचना मिलने पर रावला थाना प्रभारी बलवंत कुमार पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। फिलहाल, युवक को गोली लगने के कारणों और घटनाक्रम को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में जयपुर को मिला राजस्थान का स्वच्छतम शहर होने का गौरव

जयपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में राजस्थान ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। देशभर में आयोजित स्वच्छता के प्रतिष्ठित सर्वेक्षण में जयपुर को राजस्थान का स्वच्छतम शहर होने का गौरव प्राप्त हुआ है। दिनांक 11 नवंबर 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के माननीय नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर नगर निगम मेयर श्री सुनील कोठरी ओर प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, श्री रवि जैन तथा जयपुर नगर निगम आयुक्त श्री ओम कसेरा ने पुरस्कार प्राप्त किया। यह उपलब्धि जयपुर शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, ठोस कचरा प्रबंधन, घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरे के पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता तथा नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में जयपुर नगर निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, स्वच्छता मित्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा शहर के जागरूक नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

वन राज्यमंत्री ने किया सामान्य चिकित्सालय में बनने वाले नवीन नेत्र चिकित्सा भवन का शिलान्यास

जयपुर/एजेंसी।



वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने बुधवार को अलवर जिले के राजकीय सामान्य चिकित्सालय में मेट्सो इंडिया प्रा.लि. द्वारा सीएसआर फण्ड से बनने वाले नवीन नेत्र चिकित्सा भवन का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान नगर निगम की महापौर श्रीमती सुमनलता अग्रवाल व उप महापौर श्री अजय पूनिया मौजूद रहे। वन राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के साथ-साथ चिकित्सा तंत्र को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार निरन्तर काम कर रही है। वन राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के साथ-साथ चिकित्सा तंत्र को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार निरन्तर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अलवर का सामान्य चिकित्सालय एसएमएस जयपुर के बाद दूसरे नंबर पर नेत्रा रोग में अग्रणी स्थान रखता है। इसलिए नेत्र रोगियों की बढती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए एक बडी नेत्र यूनिट की महती आवश्यकता थी जो सीएसआर फण्ड के माध्यम से मेटसो प्रा.लि. के सहयोग से तैयार कराया जा रहा है। इस अत्याधुनिक नेत्र यूनिट के निर्माण होने पर अलवर सहित आसपास के क्षेत्र के मरीजों की सुविधाओं में इजाफा होने के साथ उन्हें बेहतर नेत्र चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि जिले में चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है जिसके तहत सामान्य चिकित्साल परिसर में 100 बैडेड भवन निर्माणाधीन है, शिशु अस्पताल का भवन अपग्रेड किया जा रहा है, मूंगस्का पीएचसी को सीएचसी में कर्मोन्नत किया गया एवं शिवाजी पार्क में नई पीएचसी खोली गई है। जिले में रामगढ़ में उप जिला अस्पताल के साथ कई चिकित्सा संस्थानों को अपग्रेड किया गया है। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पीएमओ डॉ. प्रेम चंद सैनी ने बताया कि वर्ष 2024 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और मेटसो कंपनी के बीच सामान्य चिकित्सालय में नेत्र यूनिट बनाए जाने का एमओयू हुआ था। इस यूनिट की तीन मंजिला इमारत में पहली मंजिल पर 80 बैड का वार्ड व तीसरी मंजिल पर 4 ओटी बनेंगे। इनमें दो जनरल, एक सेप्टिक और एक सुपर स्पेशियलिटी ओटी शामिल होंगे। शुरूआती ओटी को माइनर ऑपरेशन थिएटर के रूप में उपयोग कर ग्राउंड फ्लोर की ओपीडी से जोडा जाएगा। ग्राउंड फ्लोर पर ओपीडी, दवा वितरण केंद्र और पर्ची काउंटर होंगे।

वार्ड पंच चुनाव में जीत के जश्न में एयरगन लहराना पड़ा भारी, हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

राजसमंद/एजेंसी।



वार्ड पंच चुनाव में जीत के जश्न के दौरान एयरगन लहराकर प्रदर्शन करना एक युवक को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एयरगन भी बरामद की है। मामला भीम थाना क्षेत्र का है। यहां वार्ड पंच चुनाव में जीत के जश्न के दौरान एक युवक एयरगन लहराता हुआ दिखाई दिया था। वीडियो में युवक हथियार का प्रदर्शन करते हुए नजर आ रहा था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और आरोपी की पहचान कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारिक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीष रंजन के निर्देशन में राजसमंद पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस ने वीडियो की जांच करते हुए आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीम गठित की।

भीम पुलिस थाना अधिकारी आईदान सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चेतन सिंह पुत्र मदन सिंह रावत (32) निवासी आडू मगरा, कोटड़ा, थाना भीम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 126/170 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। राजसमंद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियार या हथियारनुमा वस्तुओं का प्रदर्शन नहीं करें। सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो प्रसारित करने से भी बचें, जिनसे कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

जयपुर एयरपोर्ट पर 55 करोड़ की लागत से बनेगा 3 मंजिला स्टेट हैंगर, सीएम भजनलाल ने किया शिलान्यास

जयपुर। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर राजकीय अतिथियों की सुविधा के लिए मौजूदा स्टेट हैंगर के पास करीब 55 करोड़ रुपए की लागत से तीन मंजिला नया भवन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को इसका भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस मौके पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, मेयर सुनील कोठरी सहित कई नेता मौजूद रहे। बता दें कि स्टेट हैंगर का निर्माण कार्य 18 महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। नए भवन के निर्माण में आधुनिक वास्तुकला के साथ तकनीकी जरूरतों का भी ध्यान रखा जाएगा। इसकी पहली और दूसरी मंजिल पर करीब 2000-2000 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्माण होगा, जबकि तीसरी मंजिल पर लगभग 1500 वर्गमीटर क्षेत्र विकसित किया जाएगा। तीन



मंजिला भवन बनने से स्टेट हैंगर पर आने वाले राजकीय अतिथियों को आधुनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। वीवीआईपी और वीआईपी मूवमेंट के दौरान अधिकारियों, क्रू मेंबर्स और स्टेट गेस्ट्स की सुविधा के लिए यहां हाईटेक वेटिंग एरिया, आधुनिक वीआईपी लाउंज, कॉन्फ्रेंस रूम और ब्रीफिंग रूम बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बधाई देते हुए बताया कि नए स्टेट टर्मिनल भवन के लिए सरकार ने 12,778 वर्ग मीटर जमीन दी है। पहले चरण में इस भवन को बनाने पर 19 करोड़ 62 लाख रुपए खर्च होंगे। वहीं, पूरी परियोजना के लिए 12 करोड़ 35 लाख रुपए की मंजूरी जारी की जानी है।

उन्होंने बताया कि नए भवन में आने वाले अधिकारियों और खास मेहमानों के लिए कई सुविधाएं रहेंगी। यहां दो वीआईपी लॉज और 10 रेस्ट रूम बनाए जाएंगे।

शासन सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ने किया राजस्थान संपर्क 181 केंद्र का निरीक्षण

जयपुर/एजेंसी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों के क्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के शासन सचिव डॉ. रोहित गुप्ता ने गुरुवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पात्र परिवारों को समय पर राशन उपलब्ध कराने और पिछले माह राशन नहीं देने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डॉ. गुप्ता ने वीडियो कॉल के माध्यम से परिवादियों और जिला रसद अधिकारियों से संवाद किया। खैरथल-तिजारा के शाहीद खान ने राशन की दुकान समय पर नहीं खुलने और राशन मिलने में देरी की शिकायत की। डॉ. गुप्ता ने उन्हें गुरुवार को ही राशन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। करौली के रोहित कुमार की चार माह से राशन नहीं मिलने की शिकायत पर डॉ. गुप्ता ने जिला रसद अधिकारी को संबंधित विक्रेता से वितरण का



प्रतिशत पता कर जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला रसद अधिकारियों को राशन विक्रेताओं से नियमित रूप से मिलने और वितरण की अद्यतन जानकारी रखने के निर्देश दिए। चित्तौड़गढ़ के लक्ष्मण मेघवाल ने पूरा राशन नहीं मिलने और अलवर की सुनीता ने चार माह का राशन नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर शासन सचिव ने अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। खाद्य विभाग से जुड़े कुल 2,92,542 परिवादों में से करीब 2.89 लाख का निस्तारण हुआ है। निस्तारण में औसतन 12 दिन लगे। सत्यापित प्रकरणों में 74.09 प्रतिशत परिवादियों ने निस्तारण पर संतोष जताया। डॉ. गुप्ता ने राजस्थान संपर्क पोर्टल की कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित सुविधा के बारे में भी जानकारी ली और इसे सुविधाजनक व जनोपयोगी बताया। इस अवसर पर विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर 8 से 25 दिसंबर तक प्रदेशभर में कार्यक्रम प्रस्तावित

जयपुर/एजेंसी। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 8 से 25 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को शासन सचिवालय में सचिवों की समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट को प्रमुख आयोजनों में से एक बताया और कहा कि इस बार युवाओं के लिए नई गतिविधियां और प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं भी कार्यक्रमों में शामिल की गई हैं। तीन दिवसीय ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट का आयोजन जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में प्रस्तावित है। इसमें कृषि निवेश और निर्यात की संभावनाओं, बागवानी, मोटे अनाज, खेती की नई तकनीकों और जल संरक्षण पर चर्चा होगी। युवाओं के लिए



नवाचार सम्मेलन के साथ खेलो राजस्थान, शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न प्रतियोगिताएं और प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं शुरू करने की योजना है।

राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव एवं कौशल मेला, नारी शक्ति सम्मेलन और राष्ट्रीय सरस मेला भी प्रस्तावित कार्यक्रमों में शामिल हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सभी जिलों में शिविर लगाने की योजना है। शेखावाटी हेरिटेज मीट और प्रवासी राजस्थानी दिवस के आयोजन के साथ जैसलमेर में पर्यटन सम्मेलन और लोक कला उत्सव का शुभारंभ प्रस्तावित है।

हिस्ट्रीशीटर मर्डर केस में बड़ा खुलासा, पिता की हत्या का बदला लेने के लिए बनाई 7007 गैंग

जयपुर/एजेंसी। जयपुर के करधनी थाना क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर विजय चौधरी उर्फ विजय बाजिया की हत्या के मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि करीब सात साल पुरानी आपसी रंजिश के चलते आरोपियों ने 7007 नाम से गैंग बनाई और प्लानिंग बनाकर वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने पहले कैंपर गाड़ी से विजय की कार को टक्कर मारकर रोका और फिर उस पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें दबोच लिया। साथ ही हत्या में इस्तेमाल की गई कैंपर गाड़ी भी जब्त कर ली है। जांच में सामने आया कि हत्या की साजिश का मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी अनीश ही है। अनीश ने अपने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए विजय बाजिया की हत्या की साजिश रची थी। करीब



सात साल पुरानी रंजिश को लेकर रची गई इस साजिश में अन्य बदमाश भी शामिल थे। डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने अनीश गोल्या उर्फ जग्गू, कमलेश गोल्या उर्फ कमल उर्फ जोरू, युवराज चौधरी (23) और दिनेश चौधरी निवासी जोबनेर को गिरफ्तार किया। साथ ही वारदात में इस्तेमाल गाड़ी भी जब्त कर ली है। विजय पर वर्ष 2019 में तिबारियां निवासी कैलाश की हत्या में शामिल होने का आरोप था। इस मामले में वह जेल भी गया था। इसी घटना के बाद से दोनों पक्षों के बीच रंजिश चल रही थी। पिता की हत्या का बदला लेने के लिए बेटे अनीश ने ही 7007 गैंग द्वारा वारदात को अंजाम देने की साजिश रची। फिलहाल, पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ में जुटी हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि वारदात वाले दिन भी विजय और अनीश के बीच बहस हुई थी।

इसके बाद अनीश ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर विजय को सबक सिखाने के लिए पहले कुल्हाड़ी खरीदी। विजय जब अपनी कार से कालवाड़ रोड की तरफ जा रहा था तो कैम्पर सवार बदमाश उसका पीछा किया। विजय ने बचने के लिए रावण गेट की तरफ कार दौड़ाई, लेकिन बदमाशों ने कैम्पर से उसकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। गाड़ी के क्षतिग्रस्त होने पर विजय कार से उतरकर भागा तो हमलावरों ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे घेर लिया।

और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर घायल विजय को कांवटिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

बच्चों में निमोनिया की रोकथाम एवं प्रभावी उपचार के लिए सांस अभियान

जयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि प्रदेश में 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया की रोकथाम, प्रभावी उपचार एवं समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से 12 नवम्बर से 28 फरवरी तक सांस अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही 15 से 21 नवम्बर तक राष्ट्रीय नवजात सप्ताह भी आयोजित किया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ के मार्गदर्शन में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम द्वारा प्रदेशभर में सांस (ब्रेथ्स) अभियान एवं राष्ट्रीय नवजात सप्ताह के प्रभावी क्रियान्वयन तथा इनसे संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

मिशन निदेशक ने बताया कि सांस अभियान एवं राष्ट्रीय नवजात सप्ताह के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के लिए गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में निदेशक आरसीएच की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेशभर के सभी जिलों के जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला आशा समन्वयक, डीईआईसी समन्वयक, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी जुड़े। निदेशक आरसीएच डॉ. रोमेल सिंह ने बताया कि सांस अभियान के दौरान 'निमोनिया नहीं तो बचपन सही' की थीम पर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे

निविदा आमन्त्रण

निविदा स.: 39, कार्य का नाम एवं स्थान: Parcel Handling work Jodhpur Station, **कार्य की अनुमानित लागत दो वर्ष के लिए:** Rs 1,37,18,160/-, **बयाना राशि:** Rs. 2,20,000/-, **1. पता जहाँ से निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है:** जीईएम (GeM) पोर्टल, **2. टेंडर में भाग लेने हेतु अंतिम समय व दिनांक:** दिनांक 26.11.2026 को 14.00 बजे तक, **3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 27.11.2026 को 14.00 बजे, **4. वैबसाईट जहाँ से निविदा के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** http://www.gem.gov.in

1623-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

E-mail:-seruraljaipur@gmail.com /sejprur.pwd@rajasthan.gov.in

कार्यालय अधिक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, ग्रामीण वृत-जयपुर

पी.डब्ल्यू.डी. कैंपस, जैकब रोड, जयपुर क्लब के सामने, जयपुर

फ़ोन:- 0141-2223527

क्रमांक 4124 दिनांक:-06/11/2020

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-17/2026-27

जयपुर जिले में 01 कार्य हेतु इच्छुक निविदादाताओं द्वारा दिनांक 21.11.2026 सायं 06.00 बजे तक निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा से संबन्धित अन्य विवरण राज्य की उपापन पोर्टल (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट http://pwd. rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते हैं। उपापन की गूगल लागत रूपये 371.95 लाख है।

PWD2627WSOB15431

अधिक्षण अभियन्ता

DIPR/C/18362/2026 **सा.नि.वि. ग्रामीण वृत्त-जयपुर**

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि.

CIN: U64990HR2016PTC057984

पंजीकृत कार्यालयः यूनिट 2009-14, 20वीं मंजिल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर-58, गुरूग्राम (हरियाणा)- 122011

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु अनुवर्ती विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के तहत अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु अनुवर्ती विक्रय सूचना के लिए ई-नीलामी

एतद्द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ताओं/गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका भौतिक कब्जा मैसर्स उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 25.09.26 को लिया जा चुका है, उक्त प्रतिभूत/बंधक आस्तियों का विक्रय ई-नीलामी के माध्यम से "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" तथा "जो कुछ भी है" आधार पर किया जाएगा।

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि हम HTTPS://WWW.BANKEAUCTIONS.COM के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

संपत्ति का विवरण:

संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका पट्टा नं. 3, मिसल नं. 49 दिनांक 21.04.2017, स्थित ग्राम मानपुरा, ग्राम पंचायत मानपुरा, पंचायत समिति मांडलगढ़, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान, क्षेत्रफल 1144 वर्ग फुट, **सीमाएँ:- उत्तर-** महावीर पुत्र कस्तूरचंद जैन, **दक्षिण-** जैन समाज का नोहरा, **पूर्व-** सगस जी का स्थान, **पश्चिम-** शंकर भगवान का मंदिर।

उधारकर्ता/ओं एवं गारंटर/ओं का नाम एवं पता	1. नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की ईएमडी 3. बोली वृद्धि
1. भैरू लाल लुहार पुत्र भूरा लाल लुहार (उधारकर्ता) 2. बादाम देवी पत्नी भैरू लाल लुहार (सह-उधारकर्ता) 3. अनिल लुहार पुत्र भेरू लाल लुहार (सह-उधारकर्ता) उपरोक्त सभी निवासी- बड्डा मंदिर के पास, मानपुरा, भीलवाड़ा, राजस्थान-311604 ऋण खाता सं. LXBHL02819-200004912, ऋण अनुबंध तिथि : 23-मई-2019, ऋण राशि रु. 6,34,340/-, कुल बकाया राशि रु. 11,00,148/- दिनांक 26-सितंबर-2026 तक + 27-सितंबर-2026 से आगे का ब्याज एवं अन्य शुल्क।	1) नीलामी तिथि- 02.12.2026 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे के बीच, 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित 2) केवाईसी सहित ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 30.11.2026 सायं 5:00 बजे तक (भा.मा.स.) 3) निरीक्षण की तिथि : 28.11.2026 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे के बीच (भा.मा.स.)	आरक्षित मूल्य : रु. 8,32,000/- बयाना राशि जमा (ईएमडी): रु. 83,200/- बोली वृद्धि रु. 10,000/- एवं उसके गुणकों में।

नीलामी के नियम एवं शर्तें

ऑनलाइन ई-नीलामी विक्रय के बोली दस्तावेज, घोषणा-पत्र, सामान्य नियम एवं शर्तें सेवा प्रदाता की वेबसाइट अर्थात https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदाता सहायता नं. 7291981124,25,26 पर तथा श्री भाविक पंडया 8866682937 से संपर्क कर सकते हैं। सहायता ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com (सेवा प्रदाता सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) अथवा auction@ummeedhfc.in, तथा संपत्ति संबंधी किसी भी पूछताछ के लिए उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. से **18002026127** पर संपर्क कर सकते हैं। इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी राशि डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. के पक्ष में खाता सं. 50200021387303, आईएफएससी- HDFC0003906 में ईएमडी की निर्धारित तिथि एवं समय को या उससे पूर्व जमा करनी होगी।

दिनांक : 13-नवंबर-2026 **ह./- प्